दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 29 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अवकाश कुमार को पटना का नया वरीय पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। गृह विभाग ने बासठ आईपीएस अधिकारियों का किया तबादला।

03. ईडी ने संजीव हंस के करीबी अभियंता सुनील कुमार के पटना और बोधगया स्थित चार ठिकानों पर की छापेमारी। कई दस्तावेज बरामद।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले दो से तीन दिनों में प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के बासठ अधिकारियों का स्थानांतरण और पदस्थापन किया है। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अवकाश कुमार को पटना का वरीय पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही विक्रम सिहाग को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और के. राम दास को नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इसके अलावा आनंद कुमार को गया, हृदयकांत को

भागलपुर और सुशील कुमार को मुजफ्फरपुर का एसएसपी बनाया गया है। अधिसूचना के अनुसार डॉ. ईनामुलहक मेंगनू को अरवल, ललित मोहन शर्मा को वैशाली, हरिमोहन शुक्ल को कैमूर, उपेंद्र नाथ वर्मा को बांका, योगेन्द्र कुमार को मधुबनी, विश्वजीत दयाल को मुजफ्फरपुर, अमित रंजन को सीतामढ़ी, मदन कुमार आनंद को जमुई और अंजनी कुमार को अररिया का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही राजीव मिश्रा को एटीएस का डीआईजी बनाया गया है, जबकि पूर्णिया के आईजी राकेश राठी को पटना में आईजी तकनीकी संचार और आईजी ईओयू का अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है। वहीं, राजेश कुमार को मानवाधिकार आयोग का आईजी बनाया गया है। अधिसूचना के अनुसार नव प्रोन्नत सभी आईजी और डीआईजी को नई जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

---

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने आईएएस संजीव हंस से जुड़े मामले में पुल निर्माण निगम के सेवानिवृत अभियंता सुनील कुमार के पटना और बोधगया स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईडी को छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज मिले हैं। संजीव हंस पर मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की जांच ईडी कर रही है।

---

प्रदेश के नव नियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान कल पटना आयेंगे। अगले महीने दो जनवरी को उन्हें राज्यपाल के पद की शपथ दिलाई जायेगी। राजभवन में आयोजित समारोह में पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के. बिनोद चंद्रण उन्हें शपथ दिलायेंगे। केंद्र सरकार ने उन्हें हाल ही में बिहार का नया राज्यपाल मनोनीत किया है। इससे पहले वे केरल के राज्यपाल थे।

---

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विभागीय योजनाओं को समय पर पूरा करने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि राज्य में उपलब्ध नदी जल का अधिकतम सदुपयोग सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। मंत्री ने कहा कि योजनाओं को निर्धारित समय में नहीं पूरा करने वाले संवेदकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

प्रदेश के स्कूली छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए स्कूलों की चाहरदीवारी पर यातायात नियमों की पेंटिंग के साथ स्लोगन भी लिखे जायेंगे। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और नियमों की जानकारी आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवनों की दीवारों पर भी यातायात नियमों के संबंध में जानकारी लिखी जायेगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाकर सड़क हादसों को कम किया जा सकता है।

---

प्रदेश में ई–पंचायत बिहार पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी लेने की प्रक्रिया आसान बनाई गयी है। योजनाओं की प्रगति और उसके लिए आवंटित राशि की जानकारी भी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है। पंचायती राज के निदेशक आनंद शर्मा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत आम लोग भी योजनाओं की प्रगति और आवंटन की जानकारी देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बारह अक्टूबर दो हजार तेईस को ई–पंचायत बिहार पोर्टल का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल जिला परिषद, पंचायत समिति और पंचायतों के लिए एकल मंच है, जहां सभी प्रकार की जानकारी अपलोड की जाती है। श्री शर्मा ने कहा कि इसके माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर के जरिए विक्रेताओं और श्रमिकों को भुगतान करना संभव हो गया है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द किए जाने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में उम्मीदवारों का धरना प्रदर्शन जारी है। इधर, पटना जिला प्रशासन ने जनसुराज पार्टी को गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के पास छात्र संसद के आयोजन की अनुमति नहीं दी है। वहीं, बीपीएससी ने एक बार फिर कहा है कि तेरह दिसम्बर को हुई सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द नहीं की जाएगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द परीक्षा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चार जनवरी दो हजार पच्चीस को आयोजित होगी। आयोग ने परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को लेकर परीक्षार्थियों से गुमराह नहीं होने की अपील की है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के कारण देश के उत्तरी हिस्से के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हो रही है। इसका असर बिहार पर भी पड़ने की संभावना है। इससे कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार कल से पटना सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना है। अगले तीन दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। इधर, विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, सीवान, सारण, मधुबनी और मुजफ्फरपुर समेत दर्जनभर जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण—पश्चिम भागों के अधिकांश स्थानों में घना कोहरा और शेष भागों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्यभर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से लगभग चार डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है।

---

नये साल के मौके पर होने वाले जश्न और कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। राजधानी पटना में किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए प्रशासन ने कई सुरक्षात्मक कदम उठाए हैं। नये साल पर पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान के तालाब में बोटिंग बंद रहेगा, जबकि बैटरी चालित वाहनों का परिचालन नहीं होगा। प्रशासन ने चिड़िया घर में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की है। इसके साथ ही राजधानी के सभी प्रमुख पार्कों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही है। इधर, पटना जंक्शन के पास स्थित महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। मंदिर प्रबंधन की ओर से प्रसाद की मांग को देखते हुए बीस हजार किलो नैवैद्यम की आपूर्ति का निर्णय लिया है। वहीं, पटना जिला प्रशासन ने शराब पीकर हंगामा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के व्यापक इंतजाम किये हैं। इसके लिए सभी चौक—चौराहों पर डेढ़ सौ से अधिक पुलिसकर्मी ब्रेथ एनालाईजर के साथ तैनात किये जायेंगे। जे.पी. गंगा पथ, अटल पथ, बेलीरोड, गांधी मैदान चौक आदि प्रमुख जगहों पर जवानों की तैनाती की जाएगी।

---

गोपालगंज के मिंज स्टेडियम में खेलो इंडिया राष्ट्रीय जूनियर—सब जूनियर बालिका खो—खो प्रतियोगिता की शुरूआत हो गई। इसमें कर्नाटक, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, पंजाब और बिहार की पन्द्रह टीमे भाग ले रही है।

जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने तीस दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्‌घाटन किया। प्रतियोगिता का आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, बिहार खो–खो संघ और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इधर, प्रतियोगिता के पहले दिन कल जूनियर वर्ग में महाराष्ट्र ने पंजाब को छत्तीस–अठारह से पराजित किया वही सब जूनियर वर्ग में दिल्ली ने गुजरात को अड़तीस–चौदह से पराजित किया, जबकि कर्नाटक ने मध्यप्रदेश को छत्तीस–छह से तथा जूनियर वर्ग में दिल्ली ने बंगाल को इकतीस–पच्चीस से हराया।

---

प्रदेश में तत्काल पासपोर्ट बनाना अब आसान हो गया है। अठारह वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्ति को तत्काल  पासपोर्ट बनाने के लिए अब तीन दस्तावेज ही देने होंगे। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के क्षेत्रीय पदाधिकारी स्वधा रिजवी ने बताया कि तत्काल पासपोर्ट बनाने के लिए पहले कई दस्तावेज मांगे जाते थे, लेकिन अब दो से तीन दस्तावेज में ही पासपोर्ट बन जायेगा। इसके लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड और फोटो पहचान पत्र देना होगा। गौरतलब है कि प्रदेश के सभी जिलों में पासपोर्ट सेवा केंद्र खुल गया है।

---

सिपाही पद पर भर्ती के लिए चल रही शारीरिक दक्षता परीक्षा में एक फर्जी अभ्यर्थी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी के अंगूठे और फोटो के मिलान करने पर यह मामला सामने आया। इस मामले में पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और गिरफ्तार अभ्यर्थी को जेल भेज दिया।

---

बेगूसराय जिले के लाखों थाना क्षेत्र से पुलिस ने पिकअप से लगभग दो सौ कार्टन विदेशी शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले के खुटौना थाना में दर्ज शराब तस्करी मामले के फरार अपराधी राजू अंसारी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है।

---

कटिहार जिले के सहायक थाना क्षेत्र स्थित महानंदा शिविर के पास पुलिस ने छापेमारी कर दो स्नैक तस्करों को दो सौ ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगया है – मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – छह हजार चार सौ इक्कीस विद्यालय सहायकों की होगी नियुक्ति।

**दैनिक भास्कर** ने मौसम की खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – इकतीस दिसम्बर और नये साल पर कड़ाके की सर्दी के लिए तैयार हो जाएं।

**प्रभात खबर** ने खेल की खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– ऑस्ट्रेलिया में आठवें नम्बर पर शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बने नीतीश।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है – बीपीएससी सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा, बापू केंद्र की रद्द परीक्षा चार जनवरी को होगी।

**आज** अखबार लिखता है – बंगाल में भारतीय पासपोर्ट बनवा रहे बांग्लादेशी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अवकाश कुमार को पटना का नया वरीय पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। गृह विभाग ने बासठ आईपीएस अधिकारियों का किया तबादला।

03. ईडी ने संजीव हंस के करीबी अभियंता सुनील कुमार के पटना और बोधगया स्थित चार ठिकानों पर की छापेमारी। कई दस्तावेज बरामद।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले दो से तीन दिनों में प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।